मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवा रायपुर में ‘कमर्शियल हब’, ‘एरोसिटी’ और ‘शहीद स्मारक’की रखी आधारशिला

चर्चा में क्यों?

- 12 सितंबर, 2023 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवा रायपुर अटलनगर के सेक्टर-35 में आयोजित समारोह में तीन महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं ‘कमर्शियल हब’, ‘एरोसिटी’ और ‘शहीद स्मारक’का भूमिपूजन और शिलान्यास किया।

प्रमुख बिंदु

- नवा रायपुर में निवेश, बसाहट और वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेक्टर-23, 24, 34, 35 और 40 में 1083 एकड़ में ‘कमर्शियल हब’विकसित किया जा रहा है।
- इसी तरह नवा रायपुर के लेयर-3 में यात्री सुविधाओं को बढ़ावा देने, एयरपोर्ट क्षेत्र के वाणिज्यिक विकास तथा रोज़गार सृजन हेतु स्वामी विवेकानंद विमानतल के निकट ग्राम बरोदा एवं रमचंडी के चिन्हांकित 216.63 एकड़ में ‘एरोसिटी’विकसित की जा रही है।
- ‘शहीद स्मारक’की स्थापना नवा रायपुर के ग्राम परसदा (सेक्टर-3) में व्हीआईपी बटालियन में 13 एकड़ में की जा रही है।
- **कमर्शियल हब:**
  - कमर्शियल हब के प्रथम चरण में 20 व्यवसायों के लगभग 1,000 थोक व्यावसायिक दुकानों के विकास हेतु भू-खंडों का प्रावधान किया गया है जिसमें थोक किराना, अगरबत्ती, होलसेल बारदाना, दाल मिल, पेपर ट्रेड आदि हेतु पृथक्-पृथक् प्रावधान किया गया है।
  - कमर्शियल हब के विकास हेतु राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में 5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। ‘कमर्शियल हब’के सिटी लेवल अधोसंरचना तथा प्रथम चरण के 125 एकड़ में अधोसंरचना का विकास 195.51 करोड़ रुपए की राशि से किया जाएगा।
  - इस परियोजना के लिये चिन्हांकित भूमि राष्ट्रीय राजमार्ग नं. 30 एवं भारत माला परियोजना के अलॉइमेंट के निकट स्थित है तथा उक्त भूमि को रेलवे कनेक्टिविटी भी प्राप्त है। चिन्हांकित भू-खंड स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से लगभग 12 किमी. पर स्थित है।
  - चिन्हांकित भूमि ग्राम निमोरा, उपरवारा, परसट्टी, बेंद्री, केंद्री, झाँकी एवं मुड़पार में स्थित है। उक्त भू-खंड का भू-उपयोग सार्वजनिक तथा अर्ध- सार्वजनिक से मिश्रित भू-उपयोग में किया गया है।
  - यह थोक व्यावसायिक बाज़ार न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि आस-पास के अन्य राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्रों के लिये भी लाभदायक होगा। इस परियोजना में थोक व्यवसाय से जुड़ी सभी सुविधाएँ एवं भौतिक अधोसंरचना उच्च मानकों के अनुसार प्रदान की जाएगी। इस परियोजना के क्रियान्वयन से आस-पास के क्षेत्र में रोज़गार के सृजन होने की संभावनाएँ हैं।
- **एरोसिटी : वाणिज्यिक संस्थान, शॉपिंग कॉम्पलेक्स, होटल का प्रावधान**
  - नया रायपुर अटल नगर के लेयर-3 में यात्री सुविधाओं को बढ़ावा देने, एयरपोर्ट क्षेत्र के वाणिज्यिक विकास तथा रोज़गार सृजन हेतु स्वामी विवेकानंद विमानतल के निकट एरोसिटी विकसित की जा रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी, 2023 को एरोसिटी की स्थापना की घोषणा की थी।
  - एरोसिटी के लिये नवा रायपुर के ग्राम बरोदा और रमचंडी में लगभग 216.63 एकड़ भूमि चिन्हांकन की गई है। चिन्हांकित भू-खंड में निजी स्वामित्व की भूमि शामिल होने के कारण एरोसिटी परियोजना का विकास नगर विकास योजना की तर्ज पर किये जाने का निर्णय लिया गया है।
  - बाजार मूल्यांकन एवं प्राधिकरण का वित्तीय हित देखते हुए प्रथम चरण में लगभग 24.85 एकड़, क्षेत्रफल की भूमि को विकसित किये जाने का निर्णय लिया गया।
  - शासकीय स्वामित्व की 15.45 एकड़ भूमि पर तैयार किये गए अभिन्यास में 0.62 एकड़ से 3.01 एकड़ तक के 04 वाणिज्यिक भू-खंड, 0.82 एकड़ के 01 शॉपिंग कॉम्पलेक्स एवं 1.44 एकड़ भूमि 01 होटल हेतु प्रस्तावित है।
  - एरोसिटी के विकास हेतु राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।
- **शहीद स्मारक:**
  - नवा रायपुर अटल नगर क्षेत्र के ग्राम परसदा (सेक्टर-3) में व्ही.आई.पी. बटालियन के लिये 42.931 एकड़ भूमि चिन्हांकित की गई है। इसमें से 13 एकड़ में शहीद स्मारक की स्थापना की जाएगी।
  - इस प्रस्तावित परियोजना में शहीद स्मारक लगभग 07 एकड़ भूमि पर 2700 शहीदों के नाम उत्कीर्ण किये जाने हेतु दीवारों का निर्माण, छत्तीसगढ़ अमर जवान ज्योति स्मारक का निर्माण, स्मारक म्यूजियम, 21 प्लाटून हेतु परेड ग्राउंड, बगलर प्लेटफार्म, लगभग 400 दर्शकों हेतु दीर्घा, विशिष्ट अतिथि दीर्घा, 60 जवानों के लिये बैरक तथा पार्किंग, फाउंटेन, सिंचाई इत्यादि की व्यवस्था की जाएगी। राज्य शासन द्वारा इसके लिये 47.75 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chieminister-bhupesh-baghel-aid-the-foundation-stone-of-

commercial-hub-aerocity-and-shaheed-memorial-iin-nava-raipur-